# मेहनत से बना चंदू चैंपियन लुक



**बॉलीवुड** स्टार कार्तिक आर्यन का 'चंदू चैम्पियन' के लिए किया गया ट्रांसफॉर्मेशन उनकी करियर की सबसे प्रेरणादायक यात्राओं में से एक माना जाता है. कबीर खान के निर्देशन में बनी इस फिल्म के लिए कार्तिक आर्यन ने भारत के पहले पैरालंपिक गोल्ड मेडलिस्ट मुरलीकांत पेटकर के किरदार को पूरी ईमानदारी के साथ निभाने के लिए जबरदस्त मेहनत की थी. यह भूमिका उनके करियर में न सिर्फ एक मील का पत्थर साबित हुई, बल्कि इस फिल्म के लिए उन्हें अपना पहला फ़िल्मफेयर बेस्ट एक्टर अवॉर्ड भी मिला.

गौरतलब है कि करीब 14 महीनों की कड़ी मेहनत में कार्तिक ने लगभग 18 किलो वजन कम किया था. अपने बॉडी फैट को उन्होंने 39% से घटाकर 7% तक लाया था और वो भी पूरी तरह नैचुरल तरीके से. उनका मकसद सिर्फ स्क्रीन पर फिट दिखना नहीं था, बल्कि एक असली खिलाड़ी की ताकत, सहनशक्ति और अनुशासन को जीना था.

कार्तिक की इस ईमानदार कोशिश की तारीफ़ करते हुए एक इंटरव्यू में उनके ट्रेनर त्रिदेव पांडेय ने उनकी मेहनत के बारे में बताया था कि कार्तिक ने शूटिंग और ट्रेनिंग को साथ-साथ बैलेंस करते हुए जबरदस्त मेहनत की थी. हम चाहे पंचगनी, कश्मीर या महाबलेश्वर में हों, कार्तिक सुबह जल्दी उठकर रनिंग और बॉक्सिंग ड्रिल्स करते थे. इसके अलावा शाम को चाहे कितनी भी देर हो हो जाए, लेकिन वे कम से कम 45 मिनट स्ट्रेंथ ट्रेनिंग जरूर करते थे. हालांकि सीमित आराम के बावजूद, बर्नआउट से बचना भी जरूरी था त्रिदेव पांडेय ने यह भी बताया था कि कार्तिक के इस ट्रांसफॉर्मेशन का एक बड़ा हिस्सा उनकी सख्त डाइट और लाइफस्टाइल में बदलाव था. इसके लिए कार्तिक ने लगभग 1.5 से 2 साल तक पूरी तरह शुगर छोड़ दी थी, जो उनके लिए सबसे कठिन था. इसके अलावा उन्होंने कैलोरी-डेफिसिट और हाई-प्रोटीन डाइट अपनाई थी, सामान्य चावल की जगह कॉलीफ्लावर राइस लिया था, प्रोसेस्ड फूड से पूरी तरह दूरी बनाई थी और पूरी तरह पोर्शन-कंट्रोल्ड मील्स पर थे. हालांकि उनके इस बदलाव की मजबूत नींव रखने में फिक्स्ड स्लीप शेड्यूल और रिकवरी रूटीन ने भी बहुत बड़ी भूमिका निभाई थी.इसके अलावा उनका फिटनेस रूटीन भी किसी प्रोफेशनल एथलीट से कम नहीं था.

# 'पति पत्नी और वो दो' का टीजर रिलीज



**पति** पत्नी और वो दो' के मेकर्स टी-सीरीज़ और बी आर स्टूडियोज़ ने अपनी बहुप्रतीक्षित कॉमेडी ड्रामा का टीज़र जारी कर दिया है.

'पति-पत्नी-और-वो' की क्लासिक कहानी को एक नए अंदाज़ में पेश करते हुए, 'पति पत्नी और वो दो' का टीज़र दर्शकों को 'पतियों' की दुनिया यानि 'पतिवर्स' में फिर से ले जाता है. इस बार कहानी में नया ट्विस्ट जोड़ा गया है. आयुष्मान खुराना, प्रजापति पांडे के किरदार में नजर आ रहे हैं, जो अपनी जिंदगी में मची उथल-पुथल से जूझते दिखते हैं. हालात तब और बिगड़ जाते हैं, जब वे एक नहीं, दो नहीं बल्कि तीन महिलाओं के बीच फंस जाते हैं. इन महिलाओं के किरदार में सारा अली खान, वामिका गब्बी और रकुल प्रीत सिंह नजर आएँगी. बढ़ती गलतफहमियों के बीच जब मामला पूरी तरह उलझ जाता है, तब विजय राज एक पुलिस अधिकारी के रूप में एंट्री लेते हैं और कहानी में और भी मज़ेदार मोड़ आ जाता है.

गुलशन कुमार, बी आर चोपड़ा और टी-सीरीज़ प्रस्तुत, टी-सीरीज़ फिल्म्स और बी आर स्टूडियोज़ के बैनर तले बनी 'पति पत्नी और वो दो' का निर्देशन मुदस्सर अज़ीज़ ने किया है. इस फिल्म को भूषण कुमार, रेनू रवि चोपड़ा और कृष्ण कुमार ने निर्मित किया है, जबकि इसके क्रिएटिव प्रोड्यूसर जूनो चोपड़ा हैं. यह फिल्म 15 मई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के लिए पूरी तरह तैयार है.

# मार डाला पर डांस कर माधुरी को दिया ट्रिब्यूट

**अभिनेत्री** रोज़ सरदाना ने अपनी आने वाली फिल्म इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ज़ॉम्बीज़ का गाना 'मार डाला', के जरिये धक धक गर्ल माधुरी दीक्षित को ट्रिब्यूट दिया है.

रोज़ सरदाना, फिल्म भूल भुलैया 3 में माधुरी दीक्षित के साथ स्क्रीन साझा करती नजर आई थीं. वह अब अपने लंबे समय से प्रेरणा रही आइकन माधुरी दीक्षित के साथ एक और खास जुड़ाव दर्शकों को देने जा रही हैं. उनकी आने वाली फिल्म इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ज़ॉम्बीज़ का गाना 'मार डाला', माधुरी के उस प्रतिष्ठित गाने का एक मॉडर्न, वेस्टर्न-डांस रीइंटरप्रिटेशन है, जिसे उन्होंने अमर बना दिया था.

जहां देवदास का मूल गाना 'मार डाला',अपनी पारंपरिक मुजरा शैली और माधुरी के शानदार प्रदर्शन के लिए जाना जाता है, वहीं रोज़ का वर्ज़न एक नया, समकालीन अंदाज़ लेकर आता है.



# कृतिका की 'मटका किंग' को मिल रही है सराहना



**वेब** सीरीज़ मटका के मुख्य कलाकार विजय वर्मा और कृतिका कामरा भी एक-दूसरे के काम के प्रति अपने सम्मान के लिए चर्चा में हैं. मटका किंग हाल ही में अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई है, जो दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स पा रही है.हाल ही में एक इंटरव्यू में कृतिका ने विजय के एक्टिंग अप्रोच की तारीफ की.

उन्होंने कहा कि विजय हमेशा सीन को प्राथमिकता देते हैं, न कि खुद को.उन्होंने कहा, 'विजय बहुत ही शार्प एक्टर हैं और वह हमेशा सीन के लिए काम करते हैं, अपने लिए नहीं. मुझे लगता है यह उनकी ट्रेनिंग, जिज्ञासा और देने वाले स्वभाव से आता है. 'उन्होंने कहा कि उनके साथ काम करना आसान और क्रिएटिव तौर पर बहुत संतोषजनक है.वहीं, शो के प्रमोशन के दौरान विजय ने भी कृतिका की जमकर तारीफ की. उन्होंने कहा कि कृतिका हर टेक में कुछ नया लेकर आती हैं और एक को-एक्टर के तौर पर उन्हें लगातार चुनौती देती हैं. उनके मुताबिक, यही अनप्रिडिक्टेबिलिटी और कमिटमेंट उन्हें उनके साथ काम करने वाले पसंदीदा एक्टर्स में शामिल करता है, क्योंकि इससे हर सीन की एनर्जी बनी रहती है.

उनकी इस साझेदारी की खास बात यह है कि दोनों का एक ही लक्ष्य है, कहानी को सबसे बेहतर तरीके से पेश करना. दोनों एक-दूसरे की ताकत से प्रेरित होते हैं और अपने परफॉर्मेंस में नई परतें जोड़ते रहते हैं.उनके बीच का रिश्ता भरोसे, सम्मान और एक्टिंग के प्रति सच्ची समझ पर टिका है.

## द्रोणाचार्य का किरदार निभायेंगे जितेन लालवानी



**अभिनेता** जितेन लालवानी सोनी सब के आने वाले शो हस्तिनापुर के वीर में द्रोणाचार्य का किरदार निभाते नजर आयेंगे .सोनी सब अपने नए पौराणिक शो हस्तिनापुर के वीर के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार है . अभिनेता जितेन लालवानी इस शो में द्रोणाचार्य का अहम किरदार निभाते नजर आयेंगे. जितेन लालवानी ने कहा, 'मुझे हमेशा से पौराणिक कहानियों से गहरा जुड़ाव रहा है और पहले भी कुछ का हिस्सा बनकर मैंने महसूस किया है कि ये पात्र कितने शक्तिशाली और कालातीत हैं, लेकिन द्रोणाचार्य अलग हैं, वह मौन शक्ति हैं जो पांडवों और कौरवों दोनों की किस्मत गढ़ते हैं . मुझे याद है कि वर्कशॉप्स के दौरान इसने मुझे मेरी अपनी यात्रा और उन गुरुओं के बारे में सोचने पर मजबूर किया जिन्होंने मुझे मार्ग दिखाया. मुझे पौराणिक किरदार निभाने में सबसे अच्छा यही लगता है कि इनमें हमेशा कई परतें होती हैं. द्रोणाचार्य के साथ यह सिर्फ़ ताक़त की बात नहीं है, बल्कि ज़िम्मेदारी, चुनाव और आंतरिक संघर्ष की भी है . यही इस कहानी और इस किरदार को मेरे लिए इतना खास बनाता है . ' 'हस्तिनापुर के वीर' सोनी सब पर जल्द ही प्रसारित होगा .

## हिंदी जी 5 ने 'लॉरेंस ऑफ पंजाब' की घोषणा की




**हिंदी** ज़ी 5 ने अपनी आगामी ओरिजिनल डॉक्यू-सीरीज़ 'लॉरेंस ऑफ पंजाब' का दमदार और रोमांचक ट्रेलर जारी किया है . एक सांस्कृतिक संदर्भ में रची-बसी कहानी, जो दिखाती है कि किन वजहों से किसी व्यक्ति का रुझान अपराध की ओर बनता है . रिवरलैंड एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित और राघव दर्र के निर्देशन में बनी यह सीरीज़ 27 अप्रैल को प्रीमियर होगी .लॉरेंस ऑफ़ पंजाब' एक अपराधी की पहचान के सफर को संस्कृति, व्यवस्था और पहचान के नजरिए से प्रस्तुत करता है . छात्र राजनीति और संगीत से लेकर विचारधारा और मीडिया के प्रभाव तक, यह सीरीज़ दिखाती है कि कैसे महत्वाकांक्षा, शक्ति और धारणा आपस में मिलकर एक नए दौर के डिजिटल सिंडिकेट को आकार देती हैं . इस पूरे परिदृश्य में लॉरेंस बिश्नोई को एक प्रमुख उदाहरण के रूप में रखते हुए, कहानी केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहती, बल्कि व्यापक सांस्कृतिक और सामाजिक संदर्भ की पड़ताल करती है और इसके परिणामों पर भी ध्यान केंद्रित करती है . कावेरी दास, बिज़नेस हेड हिंदी ज़ी 5 और चीफ चैनल ऑफिसर एंड टीवी, ने कहा : 'हिंदी ज़ी 5 पर हम लगातार अपनी कहानी कहने की शैली को विकसित कर रहे हैं, ताकि वह हमारे दर्शकों की बदलती सोच और भावनाओं के अनुरूप हो सके . लॉरेंस ऑफ पंजाब के साथ हमारा उद्देश्य अपराध की कहानियों तक सीमित रहना नहीं था बल्कि आगे बढ़कर उन गहरे सांस्कृतिक संदर्भों को समझना है, जो इन्हें आकार देते हैं . यह किसी व्यक्ति के महिमागान करने की कहानी नहीं है, बल्कि उस पूरे तंत्र को समझने का प्रयास है . यह हमारे उस निरंतर प्रयास को दर्शाता है, जिसमें हम अंतर्दृष्टि-आधारित और सांस्कृतिक रूप से प्रासंगिक कंटेंट प्रस्तुत करते हैं, जो देशभर के दर्शकों से जुड़ सके . '

# रॉकिंग स्टार यश ने खोला प्यार और अंधेरे का राज

**दक्षिण** भारतीय फिल्मों के मेगास्टार यश ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म टॉक्सिक: ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स पर बात की है.

यश का कहना है कि फिल्म का स्केल बड़ा हो तो हर सीन में कुछ अलग तड़का होना चाहिए. 'हर सीक्वेंस में अलग स्टाइल, अलग फ्लेवर होना ज़रूरी है.' उनके लिए एक्शन सिर्फ धुंआधार स्टंट नहीं, बल्कि फील होने वाला एक्सपीरियंस है '.एक्शन ऐसा होना चाहिए कि दर्द फील हो... मिरर न्यूरॉन्स तक हिल जाएं, तब सिनेमा मज़ा देता है!'

यश ने कहा कि 'टॉक्सिक' सिर्फ एक्शन का तमाशा नहीं है, ये इमोशंस का डीप डाइव भी है. उन्होंने कहा, 'हम फिल्में क्यों देखते हैं? क्योंकि हम हर इमोशन अपनी ज़िंदगी में नहीं जी सकते. फिल्म के ज़रिए हम किसी और की ज़िंदगी जीते हैं, उनके दर्द और संघर्ष समझते हैं.' इसी फिलॉसफी के साथ फिल्म में इंसानी जज़्बातों के सबसे डार्क और कॉम्प्लेक्स पहलुओं को पकड़ने की कोशिश की गई है.

गीतू मोहनदास के निर्देशन में बनी इस फिल्म में नयनतारा, कियारा आडवाणी, हुमा कुरैशी,



रुक्मिणी वसंत और तारा सुतारिया जैसे दमदार चेहरे नज़र आएंगे. फिल्म टॉक्सिक 04 जून 2026 को रिलीज होगी.

## 'शॉट्स' में पॉकेट फिल्म्स शामिल हुआ

**टाटा** प्ले बिंज ने अति लघु कहानियों के लिए समर्पित शॉट्स में पॉकेट फिल्म्स को शामिल करके अपनी पेशकशों का विस्तार किया है. पॉकेट फिल्म्स छोटी कहानियों के लिए मशहूर है. इस पर कई भावनात्मक रूप से दिलचस्प और सांस्कृतिक मूल की कहानियाँ मौजूद हैं, जो शॉट्स के संग्रह का विस्तार करेंगी. टाटा प्ले बिंज शॉट्स की पेशकशों को लगातार मजबूत बनाते हुए आज के डिजिटल ग्राहकों को तुरंत देखने योग्य और बेहतरीन क्वालिटी का मनोरंजन प्रदान कर रहा है.

शॉट्स में पॉकेट फिल्म्स का प्रवेश सालों से दिलचस्प कहानियाँ पेश करते हुए अपने भरोसेमंद दर्शकों के साथ हुआ है.



# बीएमडब्ल्यू की नई बाइक तैयार

**भारतीय** दो पहिया वाहन बाजार में प्रीमियम सेगमेंट को मजबूत करने के लिए बीएमडब्ल्यू मोटोराड जल्द ही अपनी नई मोटरसाइकिल एफ 450 जीएस को लॉन्च करने जा रही है. कंपनी की ओर से इस एडवेंचर मोटरसाइकिल को 23 अप्रैल को पेश किए जाने की तैयारी है. यह बाइक खास तौर पर उन ग्राहकों को ध्यान में रखकर बनाई गई है, जो दमदार परफॉर्मेंस और आधुनिक फीचर्स के साथ एडवेंचर राइडिंग का अनुभव लेना चाहते हैं.

बीएमडब्ल्यू एफ 450 जीएस में कंपनी की ओर से नया 420 सीसी क्षमता का लिक्विड कूल्ड पैरलल ट्विन इंजन दिया जाएगा. यह इंजन करीब 47.6 पीएस की पावर और 43 न्यूटन मीटर का टॉर्क देने में सक्षम होगा. इस बाइक में क्विक शिफ्टर और ईजी राइड क्लच जैसी सुविधाएं भी मिल सकती हैं, जिससे राइडिंग अनुभव और अधिक स्मूथ और आरामदायक बनता है.

फीचर्स की बात करें तो यह मोटरसाइकिल तकनीक के मामले में काफी उन्नत हो सकती है. इसमें 17 और 19 इंच के अलॉय व्हील्स, यूएसडी फोर्क्स, एलईडी लाइट्स और डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर जैसी सुविधाएं मिलने की उम्मीद है. इसके अलावा सुरक्षा और कंट्रोल को बेहतर बनाने के लिए कॉर्नरिंग एबीएस, ट्रैक्शन कंट्रोल, राइडिंग मोड्स, डायनेमिक ब्रेक कंट्रोल और डीटीसी जैसे फीचर्स भी दिए जा सकते हैं. ये सभी सुविधाएं इसे एक प्रीमियम एडवेंचर बाइक के रूप में स्थापित करती हैं.

कीमत की बात करें तो आधिकारिक घोषणा लॉन्च के समय ही की जाएगी, लेकिन माना जा रहा है कि इसकी एक्स शोरूम कीमत लगभग चार लाख रुपये के आसपास हो सकती है. इस कीमत पर यह बाइक मिड से प्रीमियम सेगमेंट के ग्राहकों को आकर्षित करने का प्रयास करेगी.

भारतीय बाजार में इस मोटरसाइकिल का मुकाबला केटीएम 390, रॉयल एनफील्ड हिमालयन और ट्रायम्फ स्पीड जैसी बाइकों से होगा.



# हुंडई वेन्यू नाइट एडिशन लॉन्च

**हुंडई** मोटर कंपनी ने भारतीय बाजार में अपनी कॉम्पैक्ट एसयूवी वेन्यू का नया नाइट एडिशन लॉन्च कर दिया है, जो खासतौर पर उन ग्राहकों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है जो अपनी गाड़ी में स्टाइल और दमदार लुक चाहते हैं. इस नए एडिशन में कंपनी ने कई कॉस्मेटिक बदलाव किए हैं, जिससे इसका लुक पहले से अधिक आकर्षक और प्रीमियम हो गया है. काले रंग की फ्रंट ग्रिल, मैट ब्लैक लोगो, काली स्किड प्लेट और रूफ रेलिंग इसे एक अलग पहचान देते हैं. इसके अलावा 16 इंच के अलॉय व्हील्स और लाल रंग के ब्रेक कैलिपर गाड़ी के स्पोर्टी अंदाज को और बढ़ाते हैं.

इंटीरियर की बात करें तो इसमें भी ब्लैक थीम का उपयोग किया गया है, जिसमें ब्रॉन्ज इंसर्ट्स दिए गए हैं. सीटों की अपहोल्स्ट्री भी काले रंग में है, जो इसे एक प्रीमियम अनुभव देती है. इस एडिशन में केवल लुक ही नहीं बल्कि फीचर्स का भी ध्यान रखा गया है. कंपनी ने वेन्यू के कुछ वेरिएंट्स जैसे एचएक्स6टी, एचएक्स10 और एन10 में डैशकैम जैसी नई सुविधा भी जोड़ी है, जो सुरक्षा के लिहाज से काफी उपयोगी मानी जाती है.

इंजन की बात करें तो नाइट एडिशन में किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया गया है. इसमें पहले की तरह ही 1.2 लीटर पेट्रोल, 1.0 लीटर टर्बो जीडीआई पेट्रोल और 1.5 लीटर सीआरडीआई डीजल इंजन विकल्प मिलते हैं. ये सभी इंजन मैनुअल और ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ उपलब्ध हैं, जिससे ग्राहक अपनी जरूरत के अनुसार विकल्प चुन सकते हैं.

कीमत की बात करें तो इस नए नाइट एडिशन की शुरुआती एक्स शोरूम कीमत लगभग 9.69 लाख रुपये रखी गई है, जबकि इसके टॉप वेरिएंट की कीमत करीब 15.48 लाख रुपये तक जाती है. इस कीमत पर यह गाड़ी कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में मजबूत दावेदारी पेश करती है.

भारतीय बाजार में इस गाड़ी का मुकाबला किया सोनेट, किया सायरोस, महिंद्रा एक्सयूवी 3एक्सओ, टाटा नेक्सन और मारुति ब्रेजा जैसी गाड़ियों से है. कुल मिलाकर हुंडई वेन्यू का नाइट एडिशन उन लोगों के लिए एक शानदार विकल्प बनकर सामने आया है, जो स्टाइल, फीचर्स और परफॉर्मेंस का संतुलित मेल चाहते हैं.




## कम दाम में मजबूत हेलमेट

**भारत** में सड़क हादसों की बढ़ती संख्या एक गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है, खासकर दो पहिया वाहन चालकों के लिए. हर महीने हजारों लोग दुर्घटनाओं का शिकार होते हैं, जिनमें कई मामलों में हेलमेट न पहनने के कारण जान तक चली जाती है. ऐसे में सुरक्षित और मजबूत हेलमेट का उपयोग बेहद जरूरी हो जाता है. अच्छी बात यह है कि अब कम बजट में भी बेहतर सुरक्षा वाले हेलमेट बाजार में उपलब्ध हैं.

पांच हजार रुपये से कम कीमत में कई कंपनियां उच्च गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों वाले हेलमेट पेश कर रही हैं. एसएमके कंपनी का टाइफून हेलमेट फुल फेस डिजाइन के साथ आता है और इसमें आईएसआई, डीओटी और ईसीई जैसे सुरक्षा प्रमाणन मिलते हैं. यह हेलमेट लगभग 4200 रुपये की कीमत में उपलब्ध है. इसी कंपनी का लेमिनार मॉडल हाफ फेस डिजाइन में आता है, जिसकी शुरुआती कीमत करीब 2799 रुपये है और इसमें भी समान सुरक्षा फीचर्स मिलते हैं.

एक्सोर कंपनी का एपेक्स हेलमेट भी इस श्रेणी में एक



मजबूत विकल्प माना जाता है. यह फुल फेस हेलमेट है और इसमें भी आईएसआई, डीओटी और ईसीई प्रमाणन दिए गए हैं. इसकी कीमत करीब 4994 रुपये है, जो इसे प्रीमियम विकल्प बनाती है. वहीं स्टीलबर्ड कंपनी का फाइटर हेलमेट भी काफी लोकप्रिय है, जो फुल फेस डिजाइन में उपलब्ध है. इसकी कीमत 2700 रुपये से शुरू होकर 4499 रुपये तक जाती है. कंपनी ने बेसएक्स वेरिएंट भी पेश किया है, जिसमें बेहतर ऑडियो गुणवत्ता दी गई है.

इसके अलावा इग्नाइट का आईजीएन 58 हेलमेट हाफ फेस डिजाइन में आता है और इसकी कीमत लगभग 2999 रुपये है. इसमें भी आईएसआई और डीओटी सुरक्षा प्रमाणन मिलते हैं.




# सिरोस 2026 की दमदार एंट्री

**भारतीय** वाहन बाजार में किआ मोटर कंपनी ने अपनी कॉम्पैक्ट एसयूवी सिरोस का 2026 संस्करण लॉन्च कर दिया है. इस नए मॉडल में कंपनी ने कई महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं, जिससे यह पहले से अधिक आधुनिक, सुरक्षित और आकर्षक बन गई है. नए वेरिएंट्स और अपडेटेड फीचर्स के साथ यह एसयूवी ग्राहकों को बेहतर विकल्प देने का प्रयास करती है.

किआ सिरोस 2026 में कंपनी ने कई नए वेरिएंट्स को शामिल किया है, जिनमें एचटीई, एचटीई (ओ), एचटीके प्लस (ओ) और एचटीएक्स (ओ) प्रमुख हैं. खास बात यह है कि एचटीके प्लस वेरिएंट से ऊपर के सभी वेरिएंट्स में अब ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन की सुविधा भी दी जा रही है. इससे ड्राइविंग और अधिक आसान और सुविधाजनक हो जाती है, खासकर शहरों में भारी ट्रैफिक के दौरान.

डिजाइन और लुक की बात करें तो किआ ने इस एसयूवी को और अधिक प्रीमियम बनाने की कोशिश की है. इसमें बॉडी कलर एयरो इंसर्ट, एलईडी फॉग लैंप, अपडेटेड रियर बंपर, एलईडी हाई माउंट स्टॉप लैंप और ग्लॉसी ब्लैक रूफ रेल जैसी सुविधाएं दी गई हैं. इसके अलावा एचटीएक्स और एचटीएक्स वेरिएंट्स में नए 17 इंच के अलॉय व्हील्स और नियॉन ब्रेक कैलिपर इसे स्पोर्टी लुक देते हैं. कंपनी ने तीन नए रंग विकल्प भी जोड़े हैं, जिससे ग्राहकों को अधिक चुनाव मिल सके.

सुरक्षा के लिहाज से भी इस एसयूवी को बेहतर बनाने का प्रयास किया गया है. आधुनिक फीचर्स और बेहतर बिल्ड क्वालिटी के साथ यह वाहन यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देता है. हालांकि इंजन में बड़े बदलाव की जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन इसकी परफॉर्मेंस पहले की तरह संतुलित और भरोसेमंद मानी जा रही है.

कीमत की बात करें तो किआ सिरोस 2026 की शुरुआती एक्स शोरूम कीमत 8 .39 लाख रुपये रखी गई है, जबकि इसके टॉप वेरिएंट की कीमत 15 .79 लाख रुपये तक जाती है . इस कीमत पर यह एसयूवी कॉम्पैक्ट सेगमेंट में एक मजबूत दावेदार बनकर उभरती है .